# विज्ञान

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 5)(जीवन की मौलिक इकाई)

(कक्षा – 9)

## पेज 66

**प्रश्न 1:**

कोशिका की खोज किसने और कैसे की?

**उत्तर 1:**

कोशिका की खोज सर्वप्रथम राबर्ट हुक ने की। उन्होंने 1665 में कॉर्क की पतली छीलन को अपने बनाए गए सूक्ष्मदर्शी में देखा जिसमें मधुमखी के छत्ते जैसे छोटी छोटी कोठरियाँ दिखायी दी जिन्हे उन्होंने (सेल) कोशिका नाम दिया।

**प्रश्न 2:**

कोशिका को जीवन की संरचनात्मक व क्रियात्मक इकाई क्यों कहते हैं?

**उत्तर 2:**

सभी जीवों का शरीर अत्यंत छोटी- छोटी कोशिकाओं से बना होता है, इसलिए इसे जीवों की संरचनात्मक इकाई कहते हैं। एक जीवित कोशिका वो सभी मूलभूत क्रिया (श्वसन, पाचन, उत्सर्जन) कर सकती है जो जीवन के लिए आवश्यक होती हैं, इसीलिए कोशिका को क्रियात्मक इकाई कहते है।

TIWARI
ACADEMY